

लोक भवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से मुलाकात करतीं आटोडेस्क की निदेशक कर्टनी लुटरमैन संग अमेरिका दूतावास की वाणिज्य विशेषज्ञ रितु अरोड़ा • सूचना विभाग

# अमेरिका-भारत परिवहन कार्यक्रम पर हुआ विमर्श

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से आटोडेस्क की निदेशक कर्टनी लुटरमैन व अमेरिका दूतावास में वरिष्ठ वाणिज्यिक विशेषज्ञ रितु अरोड़ा ने अमेरिका-भारत परिवहन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। हरित व स्मार्ट सड़कों समेत अन्य विषयों पर भी विमर्श हुआ।

मुख्य सचिव ने उन्हें प्रदेश में निर्मित व निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे, पाइप पेयजल परियोजना, स्मार्ट सड़कों, ड्रेनेज सिस्टम तथा एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट व महाकुंभ-2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कर्टनी लुटरमैन ने हरित व स्मार्ट सड़कों तथा बिल्डिंग की स्थापना में राज्य के प्रयासों में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। आटोडेस्क एक अमेरिकन मल्टीनेशनल साफ्टवेयर कारपोरेशन है, जो आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, मीडिया, एजुकेशन व इंटरटेनमेंट इंडस्ट्रीज को सेवाएं प्रदान करता है। आटोडेस्क ने भारत में भी विभिन्न सड़क व राजमार्ग परियोजनाओं में काम किया है। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।